
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 6 से आरंभ होगा भाजपा का सदस्यता अभियान

**संवाददाता**

देहरादून, आजखबर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 6 जुलाई को स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिवस पर सदस्यता अभियान का आरंभ किया जाएगा। आज यहां महानगर कार्यालय पर संपन्न हुई कार्यकारिणी में प्रदेश सदस्यता प्रमुख खजान दास ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिवस 6 जुलाई से आरंभ होने वाले सदस्यता अभियान में प्रत्येक बूथ पर 100 नए सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ा जाना है।

वर्तमान में प्रदेश में यह संख्या लगभग 16 लाख है और विगत लोकसभा चुनाव में हमें 2954835 मत प्राप्त हुए हैं अर्थात इन मतदाताओं को हम नए सदस्य




पकड़ा गया आरोपी।

बना सकते हैं जो पार्टी की विचारध्ाारा में विश्वास रखते हैं परंतु अभी सदस्य नहीं है। सदस्यता के इस चरण में हमने 912 बूथों पर 100 सदस्य बनाने हैं जो संख्या 91200 बनती है इस हेतु प्रत्येक सदस्य को 7 दिन कार्य करना अनिवार्य है। भाजपा महानगर अध्यक्ष विनय गोयल ने कार्यकारिणी की अध्यक्षता करते हुए कहा की 50 नए सदस्य बनाने वाले को ही सक्रिय कार्यकर्ता माना जाएगा और वार्ड स्तर से ऊपर अर्थात मंडल महानगर जिला प्रदेश या देश में पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य होना आवश्यक है। सक्रिय सदस्यों को भाजपा की पत्रिका का सदस्यता शुल्क रुपए 120 भी देना होगा जो पूर्व में सक्रिय सदस्य हैं वे सब यथावत रहेंगे और यह व्यवस्था नए बनने वाले सदस्यों के लिए है साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र द्वारा नए मोबाइल नंबर 8980808080 पर मिस कॉल देकर सदस्यता ली जा सकेगी।

## जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की वेबसाइट डीएम ने की लांच

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिला विकास प्राधिकरण के कार्यों को सरल एवं सुगम बनाने के लिए आज कलैक्ट्रेट में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, अल्मोड़ा की वेबसाइट का लांच जिलाधिकारी उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण नितिन सिंह भदौरिया ने किया। उन्होंने कहा कि आयुक्त/अध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण राजीव रौतेला द्वारा बोर्ड बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में इस वेबसाइट को न्यूरो नेट डिजिटल सर्विस द्वारा तैयार किया गया हैं। इस वेबसाइट का लिंक ूण्ककंसउवतंण्बवउ है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि वेबसाइट के माध्यम से आनलाईन नक्शे पास किए जायेंगे साथ ही नक्शों को अपलोड कर आनलाइन ही टाउन प्लानर को भेजे जायेंगे और लोगो को आनलाइन ही नक्शे पास करने की सुविधा भी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि वेबसाइट में सभी शासनादेश, प्राधिकरण में नियुक्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों के सम्पर्क नम्बर उपलब्ध रहेगे जिससे लोग अपनी समस्या व सुझाव सम्बन्धित अधिकारियों को भी दे सकेंगे।

# 2019–20 को रोजगार वर्ष के रूप में मनाये जाने का निर्णय

**चर्चा**

## राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में पलायन पर हुआ गहन मंथन

**संवाददाता**

देहरादून/पौडी। गढ़वाल कमिश्नरी के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पौड़ी में प्रदेश की मंत्रीपरिषद की बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डा. हरक सिंह रावत, मदन कौशिक, यशपाल आर्य, सुबोध उनियाल, राज्य मंत्री डा. धन सिंह रावत, रेखा आर्य उपस्थित थे। मंत्रीपरिषद ने पर्वतीय क्षेत्र से होने वाले पलायन पर गहन विचार विमर्श किया। इसमें मुख्यतः रोजगार व कौशल विकास, जल संचय व जलस्त्रोतों का संरक्षण के साथ ही ग्राम्य विकास की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2019–20 को रोजगार वर्ष के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया



राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक लेते सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत।

गया। पेशेवर युवाओं हेतु मुख्यमंत्री युवा पेशेवर नीति प्रख्यापित की गयी। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु जिला उद्योग केन्द्रों में महिलाओं के लिये हेल्प–डेस्अक व स्टैण्डअप योजना में समुचित प्रस्ताव तैयार किया जाना। देश के पर्वतीय जनपदां में अग्रणी उत्पादध्सेवा आध्ाारित ग्रोथ सेंटर की स्थापना। इसमें क्लस्टर आधारित एप्रोच, वित्तीय समावेशन, ब्राण्ड का विकास व मार्केट लिंकेज। राज्य में स्टार्टअप को प्रोत्साहन। इन्क्यूबेटर की स्थापना व सभी जनपदों बूथ कैंप व स्टार्ट जागरूकता कार्यक्रमों का अयोजन। प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों तथा स्टार्टअप के लिए क्रय वरीयता नीति। ऋण आधारित ब्याज उपादान योजना–शहरी विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, जनजाति कल्याण व बहुउद्देशीय वित्त विकास निगम, उत्तराखण्ड खादी बोर्ड (रू. 2 से 5 लाख तक की परियोजनायें)

वीर चन्द्र सिंह गढ़वाल पर्यटक स्वरोजगार योजना–वाहन व गैर वाहन हेतु अनुमन्य।दीन दयाल उपाध्याय होम स्टे योजना। उद्यान विभाग की मशरूम उत्पादकों, पॉलीहाउस व उद्यानिक गतिविधियों हेतु योजना।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन–स्वयं सहायकता समूह आधारित। आईफेड आईएलएसपी ग्राम्या उत्पादक समूह आधारित। बैंकों द्वारा संचालित योजनायें–मुद्रा, स्टैण्डअप। उद्योग–एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित योजनायें–औद्योगिक विकास योजना, पीएमईजीपी, स्टार्टअप, एमएसएमई नीति, महिला उद्यमी विशेष प्रोत्साहन योजना।

राज्य की पर्वतीय जनपदों में विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2008 से लागू होने के पश्चात 2937 इकाईयों की स्थापना द्वारा 32634 लोगों को रोजगार व रू. 440 करोड़ का पूंजी निवेश हुआ। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की मैपिंग। पलायन के दृष्टि से चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में सभाव्य गतिविधियों को प्रोत्साहन।

## न्यूज डायरी

### सीएम हज टीकाकरण एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम का करेंगे शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत रविवार 30 जून को अपराह्न 03.00 बजे सुभाष रोड स्थित लार्ड वैंकटेश्वर कल्याण मण्डपम् में हज 2019 टीकाकरण एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यंमत्री त्रिवेन्द्र राज्य हज समिति द्वारा प्रकाशित '' हमारा उत्तराखण्ड हज 2019 हिजरी 1440'' एवं ''हज गाइड 2019'' पुस्तकों का भी विमोचन करेंगे।

### 11 मदिरा की दुकानों का आवंटन किया गया

**(संवाददाता)** अल्मोड़ा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आबकारी व्यवस्था के अन्तर्गत आज लॉटरी प्रक्रिया में जनपद की कुल 11 मदिरा की दुकानों की नीलामी सम्पन्न हुयी। जिनमें 07 विदेशी व 04 देशी मदिरा की दुकानें शामिल है। 08 दुकानों जिनमें शहरफाटक विदेशी, अल्मोड़ा–2 देशी, लमगड़ा देशी, रानीखेत विदेशी, बग्वालीपोखर विदेशी, मजखाली एवं मौलेखाल में देशी व विदेशी मदिरा की दुकानों में केवल 01–01 आवदेन प्राप्त हुये जिन्हें सम्बन्धितों को आवंटित किया गया। 03 दुकानों जिनमें बाडेछीना की विदेशी मदिरा दुकान के लिये 02 आवेदन, विदेशी मदिरा बसौली के लिये 10 आवेदन और विदेशी मदिरा पनुवानौला की दुकान के लिये 12 आवेदन प्राप्त हुये जिन्हें लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया गया। जिला आबकारी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि कुल 31 दुकानों के लिये आवेदन मांगे गये थे जिनमें आज 11 दुकानों का आवंटन कर लिया गया है। 20 दुकाने जिनमें 13 देशी और 07 विदेशी दुकानों के लिये कोई भी आवदेन प्राप्त नही हुआ।

### 13वां राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस मनाया गया

**(संवाददाता)** भीमताल/नैनीताल। विकास भवन स्थित जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में 13वें राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आधुनिक भारत के नियोजित विकास मॉडल के निर्माण में उच्च सांख्यिकीय प्रविधियों का उपयोग करने की दिशा दिखाने वाले प्रोफेसर पीसी महालनोबिस का भावपूर्ण स्मरण किया गया तथा श्री महालनोबिस की फोटो पर डीएसटीओ एलएम जोशी द्वारा माल्यार्पण कर ''सतत विकास लक्ष्य'' विषय पर चर्चा–परिचर्चा कार्यक्रम शुरू किया। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ललित मोहन जोशी ने कहा कि सामाजिक एवं आर्थिक नियोजन और नीति निर्धारण में प्रो0 प्रशांत चन्द्र महालनोबिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। युवा पीढ़ी को सांख्यिकीय के महत्व को समझना होगा तथा जागरूक रहकर देश के सामाजिक एवं आर्थिक नियोजन में अपना अमूल्य योगदान देना होगा। देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत होना होगा।

## सीएम ने रांसी मैदान में किया पौधारोपण बेटियों के नाम पर होगा पौधा का नाम

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने पौड़ी भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम रांसी मैदान के समीप पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत लगाये गये इन पौधों का नाम बालिकाओं के नाम पर रखा जाएगा। जबकि पौधों की देखभाल बालिकाओं की माताओं द्वारा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामुहिक प्रयासों से ही हम पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकेंगे तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के द्वारा हम प्रकृति से जुड सकते हैं। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति का पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने भागीदारी की।



सीएम त्रिवेंद्र पौधारोपण करते हुए।

## हाईकोर्ट ने एम्स निदेशक और केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव को जारी किया अवमानना नोटिस

नैनीताल। हाईकोर्ट ने चर्चित आइएफएस संजीव चतुर्वेदी के केस में सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 50 हजार जुर्माना अदा नहीं करने पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को अवमानना नोटिस जारी कर 26 जुलाई तक जवाब देने को कहा है।

कोर्ट ने कहा है कि क्यों न आपके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाय। आइएफएस संजीव ने कैट की कोर्ट में दो प्रार्थना पत्र दाखिल किए थे। एक में उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा उनकी चरित्र पंजिका में किए गए जीरो अंकन मामले में दिया हलफनामा झूठा है। संजीव ने इस मामले में आपराधिक केस चलाने का आदेश पारित करने की फरियाद की है, जबकि दूसरे में उन्होंने एम्स दिल्ली में घपलों का उल्लेख किया है। साथ ही कहा कि इसी वजह से उन्हें निशाना बनाया गया। संजीव के अनुसार 2014 में उनके द्वारा एम्स में अनियमितता के 13 मामले पकड़े।